# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– 398 /5–1 दिनांक, प्रयागराज, जुलाई, 24, 2023।

सेवा में,

महाप्रबन्धक (पारेषण)
एस0ई0यू0पी0टी0सी0एल0
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

विषयः– 765 के0वी0 सिंगल सर्किट मैनपुरी–बारा पारेषण लाइन सर्किट–1 के निर्माण कार्य में कानपुर नगर वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.3456 हे0 एवं 18 वृक्षों/पौधों के पातन, कानपुर देहात वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.8064 हे0 एवं 37 वृक्षों/पौधों के पातन, प्रयागराज (इलाहाबाद) वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.4288 हे0 एवं आरक्षित वन भूमि 14.4106 हे0 तथा 2460 वृक्षों/पौधों के पातन, औरैया वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.3456 हे0 एवं 220 वृक्षों/पौधों के पातन, मैनपुरी वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 1.4145 हे0 एवं 09 वृक्षों/पौधों के पातन एवं फतेहपुर वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 2.1504 हे0 व 67 वृक्षों/पौधों के पातन अर्थात कुल 5.4913 हे0 संरक्षित वन भूमि व 14.4106 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं कुल 2811 वृक्षों/पौधों के पातन के अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एव जलवायु परिवर्तन विभाग उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक–60/11–सी–FP/UP/TRANS/15538/2015, दिनांक–07.07.2022।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है का अवलोकन करें। सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रस्ताव पर प्रभागवार बिन्दुवार कमियों/अभिलेखों को पूर्ण कराने की अपेक्षा की गयी है।

अतः उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में प्रभागवार कमियों/अभिलेखों को पूर्ण कराकर Parivesh Portal पर अपलोड कराते हुए यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि इस स्तर से अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– /समदिनांक।

**प्रतिलिपि–** मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** वन संरक्षक प्रयागराज वृत्त, प्रयागराज को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** प्रभागीय वनाधिकारी औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहपुर एवं मैनपुरी को इस आशय से प्रेषित कि अपने–अपने प्रभाग की बिन्दुवार कमियों का निराकरण कर Parivesh Portal पर अपलोड कराते हुए एक प्रति के साथ इस कार्यालय को यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।